भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1208

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2024

एससी के लिए छात्रावासों का निर्माण

1208. श्री अरुण भारती:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए छात्रावासों के निर्माण के लिए कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार राज्य में बिशेषकर मुंगेर, शेखपुरा और जमुई में छात्रावासों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार में ऐसे छात्रावासों के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बिहार राज्य सरकार ने राज्य में और अधिक छात्रावासों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे अनुरोधों के अनुसरण में केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क): प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) की केंद्र प्रायोजित स्कीम के घटकों में से एक अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों (बालकों और बालिकाओं के लिए अलग-अलग) के लिए नए छात्रावास भवनों के निर्माण के संबंध में छात्रावास घटक है। संबंधित राज्य सरकारों/केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर छात्रावासों का निर्माण शुरू किया जाता है।

(ख) और (ग): बिहार राज्य में 19 अनुसूचित जाति छात्रावास (12 बालकों और 7 बालिकाओं के लिए) स्वीकृत हैं। इन छात्रावासों के लिए स्वीकृत निधि सहित ब्यौरा अनुबंध में दिए गए हैं। मुंगेर, शेखपुरा और जमुई जिले में कोई अनुसूचित जाति छात्रावास स्वीकृत नहीं किया गया है।

(घ): वर्तमान में, बिहार सरकार से छात्रावासों के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ड.): उपर्युक्त (घ) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

अनुबंध-I

"एससी के लिए छात्रावासों का निर्माण" से संबंधित लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1208 का उत्तर

<table>
<tr><th colspan="4">पीएम-अजय (पूर्ववर्ती बीजेआरसीवाई) के छात्रावास घटक के अंतर्गत बिहार सरकार को स्वीकृत अनुसूचित जाति की बालिकाओं के छात्रावास</th></tr>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>मंजूरी का वर्ष</th><th>स्थान</th><th>स्वीकृत केंद्रीय सहायता (रू. करोड़ में)</th></tr>
<tr><td>1</td><td rowspan="2">2008-09</td><td>अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, नवादा</td><td rowspan="2">3.35</td></tr>
<tr><td>2</td><td>प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, कैमूर</td></tr>
<tr><td>3</td><td rowspan="4">2011-12</td><td>राजवाड़ा, मुजफ्फरपुर में आवासीय उच्च विद्यालय</td><td rowspan="4">8.0</td></tr>
<tr><td>4</td><td>अनुसूचित जाति आर.जी.एच विद्यालय, दिघी, हाजीपुर</td></tr>
<tr><td>5</td><td>एमडीआरडीएम कॉलेज भभुआ, कैमूर</td></tr>
<tr><td>6</td><td>बी.आर.ए.आर विद्यालय, नालंदा</td></tr>
<tr><td>7</td><td>2013-14</td><td>सीमांचल टेक्निकल एजुकेशनल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, प्रभात कॉलोनी, पूर्णिया</td><td>1.62</td></tr>
<tr><td></td><td>कुल</td><td></td><td>12.97</td></tr>
</table>

पीएम-अजय (पूर्ववर्ती बीजेआरसीवाई) के छात्रावास घटक के अंतर्गत बिहार सरकार को स्वीकृत अनुसूचित जाति के बालक छात्रावास			
क्र.सं.	स्वीकृत का वर्ष	स्थान	स्वीकृत केंद्रीय सहायता (रू. करोड़ में)
1	2008-09	गया कॉलेज, गया	3.40
2		राजकीय अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय, गया	
3		शारदा ब्रजराज उच्च विद्यालय, भभुआ	
4		राजकीय उच्च विद्यालय, रोहतास	
5	2010-11	अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, पिपलावा, पटना	6.31
6	2010-11	अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मैठानी, गया	
7	2010-11	अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनपुन, पटना	
8	2010-11	राजकीय अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुगावां, मोतिहारी	
9	2010-11	डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुनाईली, कटिहार	
10	2010-11	राजकीय भीमराव अम्बेडकर आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कंपनीबाग, भागलपुर	
11	2010-11	अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, बिहार शरीफ, नालंदा	
12	2010-11	अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, अफ़ीबाद छात्रावास, महेंद्रू, पटना	
	कुल		9.71

*****